वार्तालाप-599, लखनऊ (उ.प्र.), दिनांक 09.07.08
Disc.CD No.599, dated 09.07.08 at Lucknow (A.P.)
Extracts-Part-1

समयः 05.38-08.25

जिज्ञासुः बाबा, 15 फरवरी 1967 के प्रातः क्लास में एक मुरली चली, उसमें आया है कि बाप वर्ल्ड आलमाइटी अथारिटी है ना। उनके द्वारा बल मिलता है। उनके द्वारा बल मिलता है। ये किसने बोला? ब्रह्मा के तन से किसने बोला? सुप्रीम सोल ने बोला। सुप्रीम सोल ने बोला होता तो मेरे द्वारा बल मिलता है ऐसा क्यों नहीं बोला? उनके द्वारा बल मिलता है।

बाबाः 'द्वारा', 'मीडिया' कहा जाता है। वो साकार होता है या निराकार होता है? उनके द्वारा बल मिलता है। तो ये कहने वाला तो निराकार है और 'उनके' माना कोई दूर है। ब्रह्मा के तन के नज़दीक नहीं बैठा है। इसलिए बोला - उनके। और जो मीडिया है वो अथारिटी है, वर्ल्ड आलमाईटी अथारिटी। जब प्रत्यक्ष होगा तो वर्ल्ड आलमाइटी अथारिटी बन करके प्रत्यक्ष होगा। शिव कोई वर्ल्ड आलमाईटी अथारिटी बन करके नहीं आता। वो तो आकर क्या कहते हैं? बच्चे आई एम यॉर मोस्ट ओबीडियंट सर्वेंट।

Time: 05.38-08.25

Student: Baba, a murli was narrated in the morning class of 15th February, 1967. It is mentioned in it that the Father is the world almighty authority, isn't He? We get power through that one. 'We get strength through that one', who said this? Who said this through the body of Brahma? The Supreme Soul said this. Had the Supreme Soul said this, then why didn't He say that the power is received through Me? [Why did He say that] the power is received through that one?

Baba: It is said 'through', [meaning] 'a *media* (mediator)'. Is he corporeal or incorporeal? We get power **through** that one. So, the one who spoke this is the incorporeal One and 'that one' means it is someone far away. He is not sitting near the body of Brahma. This is why it was said 'that one'. And the *media* is the *authority*; the *world almighty authority*. When he is revealed, he will be revealed in the form of *world almighty authority*. Shiva does not come in the form of a *world almighty authority*. What does He come and say? 'Children, *I am your most obedient servant*'.

समयः 09.35-11.00

जिज्ञासुः बाबा, अर्जुन को महाबाहु क्यों कहा गया?

बाबाः जिसकी भुजाओं में बहुत बल होता है उसको कहते हैं महाबाहु। बाहु माने भुजाएं। तो अर्जुन की भुजाओं में तो बल था ना। जो भगवान होता है उसके लिए कहते हैं कि भगवान की भुजाएं बहुत लंबी होती हैं, और अर्जुन के रथ में तो भगवान प्रत्यक्ष होता है। तो लंबी भुजाओं वाला ही होगा ना या छोटी भुजाओं वाला होगा? भुजा माने क्या? भुजा माने मददगार। जैसे कहते हैं मेरा भैया ने शरीर छोड़ दिया। मेरी दाईं भुजा कट गई। तो क्या कोई भुजा कट गई? सहयोगी मददगार था। उसने शरीर छोड़ दिया। तो भुजा को मददगार की निशानी दी गई है।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Time: 09.35-11.00
Student: Baba, why was Arjun called Mahaabaahu?
Baba: The one whose arms are very strong is called Mahaabaahu. *Baahu* means arms. So, the arms of Arjun were strong, were they not? It is said for God that God's arms are very long. And God is revealed in the chariot of Arjun. So, He will have long arms won't he? Or will he have short arms? What is meant by arms? Arms means helpers. For example people say: 'My brother left his body, my right arm has been cut off'. So, was his arm actually cut off? He was a helper. He left his body. So, the arm indicates a helper.

समयः 11.04-13.35
जिज्ञासुः बाबा, जैसे नारद को दिखाते हैं कि विश्व मोहिनी के लिए उसने रूप मांगा, वहाँ शंकर के दो गण उस पर हँसे, तो नारद ने उनको श्राप दिया।
बाबाः शंकर के गणों ने श्राप दिया? (जिज्ञासुः नारद ने श्राप दिया।) अरे टीवी देखा करो तो ध्यान से देखा करो। फिर ध्यान से पूछा करो।

Time: 11.04-13.35
Student: Baba, just as it is shown for Narad that he went [to Vishnu] to ask for a [beautiful] face in order to marry Vishwa Mohini (a princess). There, two of Shankar*ji*'s servants (*gan*) laughed at him. So, Narad cursed them.
Baba: The servants of Shankar give a curse? (Student: Narad cursed them.) *Arey*, when you watch TV, watch carefully and then ask questions carefully.

नारद कोई दूसरा नहीं है। हम, तुम, सब क्या हैं? (सभी ने कहा: नारद।) नार माने ज्ञान जल। द माने देने वाले। क्या? दूसरों को ज्ञान जल देने में लगे रहते हैं। अपनी ओर झांक के नहीं देखते कि हमने उस ज्ञान को पूरा धारण किया है या नहीं किया है? नहीं तो बाबा को यह कहने की क्या दरकार कि तुम बच्चे तो हो तमोप्रधान आत्मा? तमोप्रधान आत्मा सेवा नहीं कर सकती। बन्दर बुद्धि हैं या मन्दिर लायक हैं? (किसीने कहा-बन्दर बुद्धि।) बन्दर बुद्धि क्या सेवा करेगा? इसलिए बच्चों में बापदादा प्रवेश करके सेवा करते हैं। तो सब नारद ही हैं। उन नारदों को शीशा अर्थात् आईना सामने रखा जाता है। ये ज्ञान दर्पण है। जो आगे आने वाले समय में आईना सामने रखा जाएगा। जिसके लिए पहले ही इशारा दे दिया है – अंदरवाले रह जावेंगे, और बाहरवाले ले जावेंगे। तब तो आईना काम में आवेगा। अरे हमने ये क्या किया? हमारी शक्ल तो बन्दर की है। चले महारानी को वरने के लिए। ये कैसे संभव होगा?

Narad is not someone else. What are we, you and everyone? (Everyone said: Narad.) *Naar* means the water of knowledge. *Da* means giver. What? Those who remain busy in giving the water of knowledge to others. They do not peep into themselves, that whether they have imbibed that knowledge completely or not. Otherwise, where is the need for Baba to say 'you children are *tamopradhan* souls'? A *tamopradhan* soul cannot do service. Do we have a monkey like intellect (*bandar buddhi*) or are we worthy of being worshipped in temples (*mandir laayak*)? What kind of service will a person with a monkey like intellect do? This is why Bap Dada enter the children and do service. So, everyone is nothing but Narad. A mirror

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

(*sheesha* or *aaina*) is placed in front of those Narads. This is the mirror of knowledge. This mirror will be placed in front of you in future for that a hint has already been given: the insiders will be left behind and the outsiders will take away [the inheritance]. Then the mirror will prove useful. [You will say:] *Arey*, what did I do? My face is like a monkey. I have set out to marry a queen. How can this be possible?

समय: 13.43-14.55

जिज्ञासु: बाबा, शास्त्रों में एक कहानी है – मौर (मुरा) नाम का राक्षस था जिसने 16000 कन्याओं को कैद किया था।... बेहद में क्या है इसका अर्थ?... श्री कृष्ण उसको मारता है।

बाबा: अलग-2 कथा-कहानियां एक तरीके से नहीं, अनेक तरीकों से बोल दी हैं। कहते हैं कि जरासिन्धी की जेल में राजाओं को बन्द कर दिया था। कही 16000 को बन्द किया हुआ दिखाया गया है। अभी प्रैक्टिकल में नहीं दिखाई पड़ता है? कहाँ बन्धन में बन्धे पड़े हैं? कोई स्वतंत्र हैं? आज ही तो मुरली में बोला तुम सब बान्धेले-बान्धेलियाँ हो। अगर बान्धेले-बान्धेलियाँ नहीं हैं, तो 24 घण्टे ईश्वरीय सेवा में उछल मारते रहें। कही न कही बन्धन में लगा पड़ा है ना इसलिए उछाल नहीं खाते हैं।

Time: 13.43-14.55

Student: Baba, there is a story mentioned in the scriptures: There was a demon named Maur (Mura), who had imprisoned 16000 virgins. … What is its unlimited meaning? … Shri Krishna kills him.

Baba: Different stories have been narrated in not just one way but in many ways. It is said that kings were imprisoned in the *jail* of Jarasindhi[1]. Somewhere they have shown that 16000 [virgins] were imprisoned. Don't you see this in practice now? Where are they bound in bondage? Is anyone independent? Today itself it was said in the murli: All of you are *baandhele*, *baandheliyaa*[2]. If we are not *baandhele, baandheliyaa*, we should jump in service for 24 hours. We are bound in bondage somewhere or the other that is why we don't jump in service.

समय: 14.56-16.05

जिज्ञासु: बाबा, शंकरजी के गले में साँप क्यों दिखाया है?

बाबा: कहते हैं गले पड़ गया। गले पड़ गया माना पल्ले पड़ गया। और जो गले पड़ गया है... गले पड़ते हैं ना। तो प्यार है तब तो गले पड़ गया। और जिसको प्यार है उसको झटकार के अलग कैसे कर दिया जाये? और भगवान के तो सारी दुनियां गले ही पड़ जाती है। तो भगवान से तो सभी को प्यार है। सब जानते हैं कि दुनियां तो झूठी है, आखिरीन भगवान से ही हमारा निस्तार होना है। तो हम, तुम, सब क्या हैं? भगवान के गले के साँप हैं।

---

[1] A villainous king in the epic Mahabharata.
[2] Males and females in bondage.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Time: 14.56-16.05
Student: Baba, why is a snake shown around the neck of Shankar*ji*?
Baba: It is said, *gale pad gayaa*[3]. *Gale pad gayaa* means someone came into your keeping. And the one who was forced upon you … Someone forces himself upon you, doesn't he? He has love for you, only then did he force himself upon you. And the one who loves you, how can you shake him off? And God is indeed obliged to accept the entire world. Everyone loves God. Everyone knows: The world is false. Ultimately, we are going to receive salvation only from God. So, what are we, you, all of us? We are snakes around the neck of God. … (to be continued.)

Extracts-Part-2

समयः 16.15-19.25

जिज्ञासुः बाबा, मुरली में बाबा लक्ष्य देते हैं कि नर से नारायण, नारी से लक्ष्मी बनना है। लेकिन आज की मुरली में एक नई बात आई कि सम्पूर्ण मम्मा-बाबा बनना भी एक ऐम-आब्जेक्ट है।

Time: 16.15-19.25
Student: Baba sets a goal [for us] in the murlis; we have to change from a man to Narayan and from a woman to Lakshmi. But in today's murli a new point was mentioned that becoming complete Mamma and Baba is also an aim and objective.

बाबाः हाँ, जी।
जिज्ञासुः तो बाबा, इसका क्या भाव है?
बाबाः बता तो दिया कि फरिश्ता यही इस संगमयुग का ऐम आब्जेक्ट है। देवताओं से भी ऊँचे कौन होते हैं? देवता ऊँचे ये ब्राह्मण ऊँचे? (कईयों ने कहा – ब्राह्मण।) और ब्राह्मण ही फरिश्ता बनते हैं। ब्राह्मण नहीं बना होगा, पवित्र नहीं बना होगा, ब्रह्मा की औलाद नहीं बना होगा तो वो फरिश्ता नहीं बन सकता। और फरिश्ताओं को सारी दुनिया मानती है। देवताओं को तो सिर्फ हिन्दू लोग मानते हैं। आदि सनातन देवी देवता धर्म के लोग मानते हैं। लेकिन फरिश्ताओं को? हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख, ईसाई, पारसी सब मानते हैं। तो ये फरिश्ते कौनसी दुनिया में थे? सतयुग में थे या संगमयुग में थे? संगमयुग में थे। संगमयुग में हर धर्म की आत्माएं भी मौजूद रहती हैं।

Baba: Yes.
Student: So Baba, what is its meaning?
Baba: You have already been told that [becoming] a *farishta* (angel) is the very aim and objective of this Confluence Age. Who are higher than even the deities? Are the deities higher or are the Brahmins higher? (Many said: Brahmins.) And it is the Brahmins who become angels. If someone has not become a Brahmin, if he has not become pure, if he has

[3] Someone was forced to accept something.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

not become Brahma's child, then he cannot become an angel. And the entire world believes in angels. Only the Hindus believe in deities. People belonging to the *Adi Sanatan Devi Devata Dharma* (Ancient Deity Religion) believe [in deities]. But what about the angels? Everyone including the Hindus, Muslims, Sikhs, Christians, Parsis believe [in angels]. So, in which world were these angels? Were they in the Golden Age or in the Confluence Age? They were in the Confluence Age. Souls of all the religions are also present in the Confluence Age.

दूसरा जिज्ञासुः बाबा फरिश्ताओं का तो कोई शरीर नहीं होता है।
बाबाः देह, हड्डी मांस? हड्डी मांस में बुद्धि होती है कि मनन-चिंतन-मंथन में बुद्धि रहती है? (जिज्ञासु – मनन-चिंतन में।) मनन-चिंतन-मंथन में, प्रकाश में बुद्धि रहती है। तो प्रकाश का उनका शरीर होता है। उसको कहते हैं ज्ञान प्रकाश। लक्ष्मी-नारायण के चित्र में राधा कृष्ण को ज्ञान प्रकाश के अन्दर दिखाया गया है नीचे या ऊपर लक्ष्मी-नारायण को ज्ञान प्रकाश की दुनिया में दिखाया है? (जिज्ञासु – लक्ष्मी-नारायण को।) वो लक्ष्मी-नारायण फरिश्ता हैं वास्तव में या देवता हैं? फरिश्ता हैं। नर से नारायण कहे जाते हैं। शरीर तो इस दुनिया में सड़ते जावेंगे। और आत्मा? पावरफुल बनती जावेगी। और देवताओं का शरीर सड़ा हुआ होता है क्या? नहीं।

Another student: Baba, angels do not have bodies.
Baba: Body, bones, muscles? Do bones and muscles have intellect or does thinking and churning involve the intellect? (Student: Thinking and churning.) Thinking and churning [i.e.] light involves the intellect. So, they have a body of light. It is called the light of knowledge. In the picture of Lakshmi-Narayan, have Radha and Krishna below been shown in the light of knowledge or have Lakshmi and Narayan above been shown in the world of light of knowledge? (Student: Lakshmi-Narayan.) Are those Lakshmi and Narayan actually angels or deities? They are angels. They are said to have transformed from a man to Narayan. The bodies in this world will go on rotting. And what about the soul? It will go on becoming *powerful*. And are the bodies of deities rotten? No.

समयः 23.20-25.10
जिज्ञासुः बाबा, ऐसे तो द्वापरयुग में बताया कि भक्तिमार्ग में कि श्रीकृष्ण की 16108 रानियाँ थीं। फिर उनके गर्भ से दस-दस लड़का, एक-एक लड़की पैदा हुए। यानी कि 1,75,188. इसका बेहद में क्या अर्थ है बाबा ?
बाबाः सारी दुनिया की आबादी पहले जन्म में कितनी होती है? 9 लाख। 9 लाख अंत में होती है, पहले जन्म के अन्त में होती है या शुरुआत में? (जिज्ञासु – पहले जन्म के अन्त में।) पहले जन्म के अन्त में 9 लाख आबादी । तो पहले जन्म के शुरुआत में कितने लाख रहे होंगे? दुनिया में धर्म कितने-कितने हैं मुख्य-मुख्य जो भगवान से स्वर्ग की प्राप्ति करते हैं? 9 धर्म। तो 9 धर्मों में एक-एक लाख बांट दो। श्रेष्ठ धर्म कौनसा है जो श्रेष्ठ ते श्रेष्ठ है? सूर्यवंश। तो सतयुग के पहले जन्म में कितनी आबादी रही होगी? एक लाख। जब रुद्र यज्ञ रचते हैं तो कम से कम कितने शालिग्राम बनाते हैं? एक लाख। वो 1 लाख सूर्यवंशी आत्माएं

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

है। किसके बच्चे हैं? उन्होंने तो नाम दे दिया भगवान कृष्ण के। नाम किसका दे दिया? अब कृष्ण भगवान है या निराकार शिव भगवान है? (कईयों ने कहा – निराकार शिव भगवान है।) निराकार शिव भगवान के बच्चे हैं जो निराकारी स्टेज धारण करते हैं। समझ में आया?

Time: 23.20-25.10
Student: Baba, it has been mentioned in the path of *bhakti* in the Copper Age that Shri Krishna had 16108 queens. Then, ten sons and one daughter each were born from their womb, i.e. 1, 75,188. What is its unlimited meaning?
Baba: What is the population of the entire world in the first birth? Nine lakh. Is it nine lakh in the end, in the end of the first birth or in the beginning? (Student: In the end of the first birth.) There will be nine lakh population in the end of the first birth. So, how many lakhs would have been there in the beginning of the first birth? How many main religions of the world obtain the attainment of heaven from God? Nine religions. So, distribute one lakh each among the nine religions. Which religion is the most righteous one? Suryanash. So, what would be the population in the first birth of the Golden Age? One lakh. When the *Rudra Yagya* is organized, what is the minimum number of *shaligrams*[4] that is prepared? One lakh. Those one lakh [*shaligrams*] are the Suryavanshi souls. Whose children are they? They have named them as [the children] of God Krishna. Whose name did they mention? Well, is Krishna God or is the incorporeal Shiva God? They are the children of the incorporeal God Shiva, who takes on the incorporeal *stage*. Did you understand?

समयः 25.15-26.45
जिज्ञासुः बाबा, वाम मार्ग अच्छा नहीं माना जाता है। अच्छा होता है या नहीं?
बाबाः आप अच्छा मानते हैं क्या?
जिज्ञासुः नहीं, लेकिन जब रास्ता चलते हैं तो वाम मार्ग में ही जाते हैं। जब रास्ता चलते हैं तो बायें मार्ग से ही चलते हैं।
बाबाः बाएं मार्ग से चलते हैं तो दुनिया कौनसी है? वाम मार्ग में जाने वालों की दुनिया है या दायें मार्ग में जाने वालों की दुनिया है? (जिज्ञासु – वाम मार्ग।) अरे दुनिया उल्टी खोपड़ी वालों की है या सीधी खोपड़ी वालों की है? (कईयों ने कहा-उल्टी खोपड़ी वालों की है।) उल्टी खोपड़ी वाले उल्टे ही रास्ते पे चलेंगे ना। नियम कानून भी ऐसे ही बनाएंगे। बाईं ओर चलो। आज हिन्दुस्तान की गवर्मेन्ट विदेशियों की तरफ ढुली हुई है या भारतीय धर्म की ओर अनुसरण कर रही है? (कईयों ने कहा-विदेशी।) तो वाममार्गी गवर्मेन्ट हो गई ना। जब गवर्मेन्ट ही, राजा ही वाममार्गी हो गया तो यथा राजा तथा प्रजा सब वाममार्गी हो गए। सब बाईं ओर चल रहे हैं। अब कल से आप क्या करेंगे? (किसीने कहा-साउदी अरेबिया में दाईं तरफ चलते है।) हाँ, जी। (किसीने कुछ कहा।) टक्कर हो जाएगी।

Time: 25.15-26.45
Student: Baba, the left path (*vaam maarg*) is not considered to be good. Is it actually good or not?
Baba: Do you consider it to be good?

[4] Small, round stones considered sacred in the path of *bhakti*.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Student: No, but when people walk on the road, they walk on the left side.
Baba: If they walk on the left side, then what kind of a world is it? Is it a world of the people who follow the left path or is it a world of those who follow the right path? (Student: The left path.) *Arey*, does the world consist of wrong-headed people (*ulti khopri*) or 'right-headed' people? (Many said: It consists of wrong-headed people.) The wrong-headed people will follow the wrong path itself, will they not? They will frame rules and regulations which are also like that. Walk on the left side. Today is the Indian government inclined towards the foreigners or is it following the Indian religion? (Many said: [It is inclined towards] the foreigners.) So, the government is the one which follows the left path, isn't it? When the government, when the king himself became the one that follows the left path, then as the king so are all the subjects, i.e. the ones who follow the left path. Everyone is walking on the left side. Now, what will you do from tomorrow? ☺ (Someone said: In Saudi Arabia they walk on the right side.) Yes. (Someone said something.) You will collide with someone. ☺

समयः 26.51-30.22

जिज्ञासु: एक कैसेट में आया था अभी, तीन मूर्तियों के बारे में आया था कि जो मुकर्रर रथ है, जिसने बीजारोपण किया बड़ी मम्मी के बुद्धि में ज्ञान का। तो उनको प्रजापिता ब्रह्मा का टाइटल दिया ।

बाबा: ज्ञान का बीजारोपण भी दो प्रकार से होता है। एक होता है वाचा से। क्या? एक कर्म होता है वाचा का और दूसरा कर्म होता है प्रैक्टिकल धारणा का। प्रैक्टिकल जीवन में धारणा ज्ञान की वो सच्चा ज्ञान का बीजारोपण है या सिर्फ बोल-बोल करना, मुख से सुनना, कानों से सुनना और दूसरों को मुख से सुनाना, लंबी जीभ वाली महाकाली बन जाना, सारी दुनिया में कोई ताकत नहीं है जो उसको वाचा में हराय सके - ऐसा बनना अच्छा है? तो दो माताएं थीं।

जिज्ञासु: नहीं बाबा, हम ये पूछना चाह रहे हैं...

बाबा: वो ही, उसी का जवाब दे रहे हैं। तो ज्ञान का असली बीजारोपण किसमें हुआ? वैष्णवी शक्ति में हुआ या वाचा वाली में हुआ? वैष्णवी शक्ति में असली ज्ञान का बीजारोपण हुआ था। और जिसमें असली बीजारोपण हुआ होगा उसी से कृष्ण का जन्म होगा। कि जगदम्बा से होगा?

Time: 26.51-30.22
Student: It was mentioned in a cassette recently, it was mentioned about the three personalities that the permanent chariot had sowed the seed of knowledge in the senior mother. So, he was given the title of Prajapita Brahma.
Baba: The sowing of the seed of knowledge also takes place in two ways. One is through words. What? One action is speech and the other action is of assimilating [knowledge] in practice. Does the true sowing of the seed of knowledge mean imbibing the knowledge in the life in practice or [does the true sowing of the seed of knowledge mean] just to speak through the mouth, to listen through the ears and to narrate to others through the mouth, to become Mahakali with a long tongue [that] there is no power in the world that can defeat her in words. Is it good to become this? So, there were two mothers.
Student: No Baba, I mean to ask…

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Baba: I am giving a reply to the same. So, in whom was the true seed of knowledge sown? Was it in Vaishnavi *shakti* or in the one with [the power of] words? The true sowing of the seed of knowledge took place in Vaishnavi *shakti*. And the birth of Krishna will take place only through the one in whom the true sowing of the seed would have taken place. Or will he be born through Jagdamba?

जिज्ञासुः बाबा, उस कैसेट में जगदम्बा को शंकर के रुप में बताया। जो तीन मूर्तियाँ हैं ब्रह्मा, विष्णु, शंकर, ब्रह्मा के लिए बताया है मुकर्रर रथ जो हुआ प्रजापिता, जिसने ज्ञान का बीजारोपण किया। वो प्रजापिता ब्रह्मा, वो ब्रह्मा की मूर्ति हो गई।
बाबाः ब्रह्मा की मूर्ति कौनसी? दाढ़ी-मूँछ वाला?
जिज्ञासुः प्रजापिता। ऐसा कैसट में बताया। वैसे शुरु में तो यही मानते थे कि ब्रह्मा की जगह ब्रह्मा मानते और शंकर का पार्ट मानते मुकर्रर रथ का और वैष्णवी इस तरह से मानते थे। लेकिन अभी बाद की एक कैसेट में मूर्तियों का चेंज हुआ। उसके संबंध में पूछना था।
बाबाः क्या चेंज हुआ?
जिज्ञासुः ब्रह्मा, प्रजापिता मुकर्रर रथ जो है, सेवकराम उसको प्रजापिता ब्रह्मा बताया। और शंकर बताया जगदम्बा को।
बाबाः शंकर जगदम्बा बताया नहीं। ये कहा त्रिमूर्ति में शंकर की जगह बड़ी मम्मा को रखा होता, मम्मा को अगर रखा होता तो समझाने में सहज हो जाता। त्रिमूर्ति में रखा नहीं है। बताया कि अगर जगदम्बा को रखा होता शंकर की जगह, महाकाली को रखा होता तो विनाश करने का काम, असुर संहारणी महाकाली का है या देवता का है? महाकाली का है। तो समझाने में सहज होगा या कठिन होगा? (किसीने कहा – सहज।) क्योंकि जिसका प्रैक्टिकल काम है वो ही बैठा हुआ है।

Student: Baba, Jagdamba was said to be the form of Shankar in that cassette. Among the three personalities, [i.e.] Brahma, Vishnu and Shankar, it has been said for Brahma that he is the permanent chariot, [i.e.] Prajapita, the one who sowed the seed of knowledge. That Prajapita Brahma is the personality of Brahma.
Baba: Which personality of Brahma? The one with beard and moustache?
Student: Prajapita. It has been said so in that cassette. In the beginning we believed that [Dada Lekhraj] Brahma was in the place of Brahma, Shankar's part was played by the permanent chariot and [Vishnu's part was played by] Vaishnavi. But now in a cassette that came later there was some change regarding the personalities. I wanted to ask about it.
Baba: What has been changed?
Student: Brahma, the permanent chariot Prajapita, Sevakram was mentioned as Prajapita Brahma. And Jagdamba was mentioned as Shankar.
Baba: Jagdamba was not mentioned as Shankar. It was said that in Trimurty, if the senior mother was placed in place of Shankar, if Mamma was placed [in place of Shankar], then it would have been easier to explain. She has not been placed in Trimurty [in place of Shankar]. It was just mentioned that if Jagdamba was placed in place of Shankar, if Mahakali was placed; then, does the slayer of demons Mahakali perform the task of destruction or does a deity perform this task? It is the task of Mahakali. Then, will it be easy or difficult to explain?

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

(Someone said: Easy.) It is because the one whose task it is in practice, she herself is sitting [there].

दूसरा जिज्ञासु: विनाशकारी शंकर को बताया गया है...।
बाबा: प्रेरणा देने वाला कौन है?
दूसरा जिज्ञासु: प्रजापिता।
बाबा: हाँ।

Another student: Shankar has been said to be destructive….
Baba: Who gives inspiration?
Another student: Prajapita.
Baba: Yes. … (to be continued.)

Extracts-Part-3

समय: 30.37-33.00
जिज्ञासु: एक भाई ने पूछा था कि ब्रह्म के अस्तित्व की आवश्यकता क्यों पड़ती है?
बाबा: ब्रह्म माने क्या? ब्र माने क्या? अरे? नाम बोलते हैं तो काम सिद्ध हो जाता है ना। नाम किस आधार पर पड़ता है? काम के आधार पर नाम पड़ता है। तो ब्रह्म माने क्या? बड़ा। बड़े ते बड़ा कौन? अरे? अरे नाम किस आधार पर पड़ता है? (जिज्ञासु – काम के आधार पे।) तो ब्रह्म माने क्या किया होगा? बड़ा काम किया होगा। किसने बड़े ते बड़ा काम किया? जो लोग कहते हैं, इतना महत्व देते हैं, मंत्र बनाय लिया है – अहम् ब्रह्मास्मि। तो जरूर बड़े काम का बीजारोपण ब्रह्मा से होता है। ब्रह्म लोक। कैसा लोक? जिस लोक की अगर स्थिति बनाय ली जाए तो दुनिया के सारे काम आटोमेटिक होते रहेंगे। कोई काम हमें अपने आप नहीं करना पड़ेगा। माना जिनकी बीजरूप स्टेज बन जाएगी, उनको कोई काम करने के लिए प्रयास करने की अनुभूती नहीं होगी। सारा काम जैसे बापदादा स्वतः ही करेंगे। तो कहाँ की स्टेज हुई? ब्रह्मलोक की स्टेज हुई या सूक्ष्मवतन की स्टेज हुई या साकारी दुनिया की स्टेज हुई? ब्रह्म लोक की स्टेज हो गई निराकारी स्टेज। निराकारी, निर्विकारी, निरहंकारी।

Time: 30.37-33.00
Student: A brother had asked: Why is there a need for the existence of *Brahm*?
Baba: What is meant by *Brahm*? What is meant by *Bra*? *Arey*? The name itself proves the task performed. On what basis is the name given? The name is given on the basis of task. So, what is meant by *Brahm*? Senior. Who is the senior most? *Arey*? On what basis is the name given? (Student: On the basis of the task.) So, *Brahm* means, what task will he have performed? He must have performed a big task. Who performed the biggest task? People say; they give so much importance, they have made a mantra – *Aham Brahmaasmi* (I am Brahma). So, definitely the sowing of the seed (commencement) of the big task is done by Brahma. [It is said:] *Brahm lok* (abode of Brahma). What kind of an abode? If you develop the stage of that abode, then all the tasks of the world will keep taking place automatically. We will not have to perform any task on our own. It means that those who develop the seed form stage

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

will not experience any effort to do any task. It is as if Bapdada himself will do all the work. So, it is a *stage* of which place? Is it a *stage* of *Brahmlok*, of the subtle world or is it a *stage* of the corporeal world? It is a *stage* of *Brahmlok*, the incorporeal *stage*. Incorporeal, vice less and egoless.

समयः 33.11-34.43

जिज्ञासुः बाबा, भट्ठी 84 जन्मों का फाउन्डेशन है ऐसे बताते हैं। उसमें कभी-कभी ऐसा देखा कि कोई माता-पिता अपने बच्चों को ले जाते हैं। तो कोई सोता रहता है, कोई उधम करता है, कोई रोता भी है, डिस्टर्ब भी करता है। तो उसका हिसाब क्या बनता होगा ?

बाबाः फाउन्डेशन पड़ रहा है।

जिज्ञासुः तो किसका हिसाब-किताब किसपे बनता होगा? माता-पिता पर या जो ले जाने वाले हैं?

बाबाः माता-पिता के ऊपर भी बनता है। जो लाने वाले हैं उनके ऊपर भी पड़ता है। लाने वाले को ठोंक बजाके लाना चाहिए ना।

जिज्ञासुः नहीं, जैसे माता-पिता के साथ बच्चे भी आ जाते हैं। उनका पता नहीं चलता कि...

बाबाः बच्चों के लिए आने के लिए परमीशन है?

जिज्ञासुः वो बताते हैं, 10-12 साल, 15 साल।

बाबाः परमीशन है?

जिज्ञासुः नहीं है बाबा।

बाबाः फिर?

Time: 33.11-34.43

Student: Baba, *bhatti* is said to be the foundation of 84 births. It is sometimes seen that some parents take their children along. Some of them (the children) keep sleeping, some play mischief, some cry, some also disturb; so, what kind of karmic account will be created?

Baba: A *foundation* is being laid.

Student: So, who creates that karmic account (accumulates burden)? Is it the parents or the ones who take them [for *bhatti*]?

Baba: Parents also create [karmic account] (accumulate burden). Those who bring them also create [karmic account]. The one who brings them should check them properly before bringing, shouldn't they?

Student: No, for example, children also come along with the parents. They don't come to know that…

Baba: Are they permitted to bring children?

Student: They say that 10-12 years, 15 years.

Baba: Are they permitted?

Student: Baba, they aren't.

Baba: Then?

जिज्ञासुः नौ साल के बच्चों से कम वालों का नहीं है।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बाबाः हाँ, जो समझदार बच्चे हैं, उनको लाना चाहिए या जो कुछ समझते ही नहीं, शैतानी देते रहते हैं, उनको लाना चाहिए? ये लाने वाले के ऊपर सारा पाप जाता है।

जिज्ञासुः जैसे अगर पता ही नहीं हो...

बाबाः पता कैसे नहीं? लाने वाले को मालूम नहीं है कि ये बच्चा शैतान है, इसने ज्ञान को समझा है या नहीं समझा है?

जिज्ञासुः नहीं बाबा, जैसे नहीं मालूम हो (तो)?

बाबाः कैसे नहीं मालूम? जब नियम बना हुआ है।

जिज्ञासुः मात-पिता लेके आ गए...

बाबाः तो जो स्कूल के, संस्था के नियमों के बरखिलाफ चलेगा उसको दण्ड मिलना चाहिए या नहीं?

जिज्ञासुः मिलना चाहिए।

बाबाः इसका मतलब आप ले जाते हैं। ☺

Student: Children below nine years are not permitted.
Baba: Yes, should the children who are intelligent be brought or should those who do not understand anything at all, who keep on playing mischief be brought? The entire sin is accumulated by those who bring.
Student: For example, if someone does not know at all…
Baba: How is it possible that he doesn't know? Doesn't the person who brings people know that this child is mischievous or that whether he has understood the knowledge or not?
Student: No Baba. For example, if someone does not know...
Baba: How is it possible that he doesn't know when there is a rule?
Student: The parents brought them...
Baba: So, should the one who acts against the rules of the school, the institution get punishment or not?
Student: He should.
Baba: It means that you take them (children) along. ☺

समयः 35.26-36.25

जिज्ञासुः बाबा, भठ्ठी में कितने साल तक की उम्र वालों को ले जाना चाहिए? कुछ बूढ़ी-2 मातायें...

बाबाः उम्र से मतलब नहीं होता है। आगे चलके ऐसे बच्चें भी पैदा होंगे जो होंगे कम उम्र के लेकिन बड़े बड़ों को मात देंगे ज्ञान में।

जिज्ञासुः नहीं बाबा, जैसे ज्यादा उम्र की बूढ़ी मातायें हैं वो चलने के लिए बोलती हैं। वहाँ कुछ मातायें हैं...

बाबाः देखना है ले जाने वाले को कि निश्चय बुद्धि है?

जिज्ञासुः हाँ बाबा, निश्चय बुद्धि है। क्लास में एक झुटका नहीं, बैठके मुरली सुनती है, मुरली क्लास करती है।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बाबा: तो जो निश्चय बुद्धि है उनको ले जाना है।

जिज्ञासु: बूढ़ी माता है, चल-फिर नहीं पाती ज्यादा तो ...

बाबा: चल-फिरने की भली चलाई। 80 साल की बूढ़ीयाँ अमरनाथ की यात्रा पैदल करने जाती हैं।

जिज्ञासु: बाबा, 80 साल की ही थी।

बाबा: ये कोई बात नहीं होती है। हिम्मते बच्चें मददे बाप होता है।

Time: 35.26-36.25
Student: Baba, what is the age limit for the people who are taken for the *bhatti*? Some old mothers…
Baba: Age does not matter. In future such children will also be born who will be of a small age but will outdo the big ones in knowledge.
Student: No Baba, for example, there are old mothers, they say that they will go. There are some mothers there…
Baba: The one who takes them [to the *bhatti*] should check: Is he the one with a faithful intellect?
Student: Yes Baba, she has a faithful intellect. She does not doze even once in the class, she sits and listens to the murli, she does the murli class.
Baba: So, those who have a faithful intellect should be taken [for *bhatti*].
Student: She is an old mother; she is not able to walk much.
Baba: You said well about walking! Old women aged 80 years go walking on journey to Amarnath[5].
Student: Baba, she too is aged 80 years.
Baba: This is not right. If the children show courage, the Father helps them.

समयः 36.30-38.10

जिज्ञासुः बाबा, जहाँ जन्म वहां जीत ये बात सभी के ऊपर लागू होती है क्या? जहाँ जीत वहाँ जन्म।

बाबाः तुमने तो उल्टा बोल दिया।

जिज्ञासुः जहाँ जन्म वहाँ जीत।

बाबाः अरे, पक्की-पक्की बात बोलो।

जिज्ञासुः जहाँ जीत, वहाँ जन्म।

बाबाः हाँ। जिनके कर्मों के ऊपर जीत पाई जाती है... राम-सीता के कर्मों के ऊपर ब्रह्मा सरस्वती वाली आत्माओं ने जीत पा ली। तो उसका अंजाम पहले जन्म में क्या होगा? क्या अंजाम होगा? जो ब्रह्मा सरस्वती, राधा-कृष्ण की आत्माएं हैं, वो बच्चे के रूप में जन्म लेती हैं। और माँ-बाप को उनकी दुनिया बना के देनी पड़ती है। माँ-बाप जैसे दास-दासी हो जाते हैं बच्चों के। सारा जीवन बच्चों के लिए खटते हैं, बच्चों को जन्म देना, बच्चों की पालना

[5] A pilgrimage place located at high mountains in Kashmir.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

करना, बच्चों को पढ़ाना-लिखाना, बच्चों के लिए सारी जिन्दगी की मिल्कियत इकट्ठी करके उनको सौंप जाना, इससे बड़े दास-दासी कोई अच्छे मिलेंगे? (कईयों ने कहा-नहीं।)
जिज्ञासु: बाबा ये बात दुनिया के सारे मनुष्यों पर लागू होती है क्या?
बाबा: नम्बरवार।

Time: 36.30-38.10
Student: Baba, is the topic that someone gains victory where he is born applicable to all? Someone is born at the place where he gained victory.
Baba: You said the opposite thing.
Student: Someone gains victory where he is born.
Baba: *Arey*, confirm it and say.
Student: Someone is born at the place where he gains victory.
Baba: Yes. The person on whose actions someone gains victory; the souls of Brahma and Saraswati gained victory over the actions of Ram and Sita. So, what will be its result in the first birth? What will be the result? The souls of Brahma and Saraswati, Radha and Krishna are born as children. And the parents have to create a world for them. It is as if the parents become the servants of their children. They work hard for the children throughout the life; to give birth to children, to bring them up, to educate them, to accumulate wealth for them throughout the life and then entrusting it to them; will you find any better servants? (Many said: No.)
Student: Baba, is this applicable to all the people of the world?
Baba: [It is] number wise (according to their *purusharth*). … (to be continued.)

Extracts-Part-4

समय: 38.54-41.27
जिज्ञासु: बाबा, जो सर्प की आत्मा होती है वो बताते हैं कि पिछले जन्म में वो नागिन थी लेकिन इस जन्म में वो औरत बन गई है।
बाबा: कौन बताते हैं?
जिज्ञासु: बताते हैं। देखने में आता है।
बाबा: कौन बताते हैं? किनको देखने में आता है? किसने देखा?
जिज्ञासु: वो अपनी बताती है कि हम पिछले जन्म में...
बाबा: अरे कौन बताते हैं? (जिज्ञासु ने कुछ कहा।) जो मनुष्य हैं? (जिज्ञासु- हाँ।) अरे वो मनुष्य हैं कि राक्षस हैं बताने वाले झूठे? तुमने देखा कि वो झूठे बोलने वाले राक्षस हैं या सच्चा बताने वाले देवता हैं? जो आया बस उसकी बात मान लेना? मनुष्य मनुष्य का ही जन्म लेता है। सर्प, बिच्छू, टिण्डन का जन्म नहीं लेता। जो बीज जिस श्रेणी का होगा, वैसा ही पौधा निकलेगा।

Time: 38.54-41.27

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Student: Baba, people say that the soul of a snake; someone was a she-cobra (*nagin*) in the past birth; she became a woman in this birth.
Baba: Who says [this]?
Student: People say. It is observed.
Baba: Who says? Who observes? Who has observed?
Student: That lady says about herself that in her previous birth…
Baba: *Arey*, who says? (Student said something.) Those who are human beings? (Student: Yes.) *Arey*, are those who say this, the false ones human beings or demons? Did you see whether they are demons who lie or deities who speak the truth? Should you believe in whatever someone says? A human being is born only as a human being. He is not born as a snake, scorpion or spider. A seed will germinate into a plant according to its category.

दूसरा जिज्ञासुः लेकिन बाबा वहाँ के लोगों ने जहाँ पे वो हुआ है प्रैक्टिकल में वहाँ के लोगों ने तो बताया है।
बाबाः कहाँ हुआ प्रैक्टिकल में? तुमने कैसे जान लिया कि वहाँ प्रैक्टिकल में हुआ?
दूसरा जिज्ञासुः बाबा, वहाँ पे हम सेवा करने गए थे।
बाबाः कहाँ गए थे तुम सेवा करने?
दूसरा जिज्ञासुः गाँव में बाबा।
बाबाः तो गाँव में तुमने कैसे मान लिया कि वहाँ स्त्री जो है सर्पिणी बन गई?
दूसरा जिज्ञासुः बताते हैं कि जब वो सर्पिणी बन जाती है...
बाबाः जो बताते हैं वो सच्ची बात बताते हैं कि झूठी बात बताते हैं?
दूसरा जिज्ञासुः उसके हाथ में बताते हैं नागिन बन जाती है।
बाबाः वो बताते हैं। ये कोई बात हुई? कोई बताते हैं धरती फट जाती है, उसमें से स्वर्ग निकल आता है तो मान लिया जाए? अंधश्रद्धा की हद हो गई भक्तिमार्ग में। जिसने जो कहा सत् वचन महाराज। बाप आ करके ये अंधश्रद्धा तुड़वाते हैं। और बुद्धिमान बाप के बच्चे बुद्धिमान, बुद्धिमानी का काम करेंगे या बुद्धुओं जैसी बातें करेंगे? बिना प्रूफ और प्रमाण के कोई बात मानने के लिए बाप के बच्चे तैयार नहीं होते। हमारा बाप है बुद्धिमानों की बुद्धि। तो बच्चे भी कैसे होने चाहिए? बुद्धिमान बच्चे होने चाहिए। कोई ने कह दिया – अच्छा भैया तुम्हारी बात सही। हमने मान लिया। तुमने कहा और हमने माना।

Another Student: But Baba, the people of the place where the incident occurred in practice have told.
Baba: Where did it happen in practice? How did you know that it happened there in practice?
Another Student: I had gone there to serve.
Baba: Where did you go to serve?
Another Student: In a village Baba.
Baba: So, in the village how did you believe that a woman there became a she-snake?
Another Student: They say that when she becomes a she-snake…
Baba: Do those who say speak the truth or do they lie?
